तेरे पर सच्चा विश्वास है मेरी ग्यारस माता

तेरे पर सच्चा विश्वास है मेरी ग्यारस माता,
करना भक्तों का उद्धार री मेरी ग्यारस माता.....

मेरे तो घर में माता सास-ससुर है,
सेवा करूंगी दिन रात री मेरी ग्यारस माता,
तेरे पर सच्चा विश्वास है......

मेरे तो घर में माता तुलसी का बिडला,
दीप जलाऊ सुबह शाम री मेरी ग्यारस माता,
तेरे पर सच्चा विश्वास है......

मेरे तो घर में माता गैया और बछड़ा,
ग्यारस को करु गाय दान री मेरी ग्यारस माता,
तेरे पर सच्चा विश्वास है......

मेरे तो घर में माता बहू और बेटा,
मेरी सेवा कर रखते ध्यान री मेरी ग्यारस माता,
तेरे पर सच्चा विश्वास है......

मेरे तो घर में माता ननंद भांजी,
मैं तो करूंगी कन्यादान री मेरी ग्यारस माता,
तेरे पर सच्चा विश्वास है......

मेरे तो घर में माता अन धन बहुत है,
दान करूंगी भरपूर री मेरी ग्यारस माता,
तेरे पर सच्चा विश्वास है......

मेरे तो घर में माता आप बिराजो,
सेवा करूंगी सुबह शाम री मेरी ग्यारस माता,
तेरे पर सच्चा विश्वास है......

मेरे तो घर में माता ठाकुर की सेवा,
कीर्तन करूंगी सारी रात रे मेरी ग्यारस माता,
तेरे पर सच्चा विश्वास है......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/31572/title/tere-par-sacha-vishwas-hai-meri-gyaras-mata

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |